प्रादेशिक समाचार

दिनांक–20.01.2025 (सुबह 08:30 बजे)

मुख्य समाचार

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरिक्ष अनुसंधान में भारत की उपलब्धि और प्रौद्योगिकी में प्रगति की सराहना की, कहा – देश प्रखर और नवोन्मेषी वैज्ञानिकों की बदौलत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित कर रहा है। ।
- सरायकेला–खरसावां पुलिस को अवैध अफीम की खेती के खिलाफ मिली बड़ी कामयाबी, ड्रोन की मदद से 10.5 एकड़ अफीम की फसल की गई नष्ट।
- रांची पुलिस ने ओरमांझी गोलीकांड मामले में दो अपराधियों को किया गिरफ्तार, लेवी नहीं देने के कारण हुई थी गोलीबारी।
- राज्य में दिख रहा उत्तर–पूर्वी हवा का प्रभाव, मौसम विभाग ने पलामू, गढ़वा और कोडरमा में कोहरा छाए रहने की जताई संभावना।
- टीम इंडिया ने पहले खो खो विश्व कप में पुरुष और महिला दोनों वर्गों के खिताब जीतकर रचा इतिहास, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दी बधाई ।

******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतरिक्ष अन्वेषण में भारत की ऐतिहासिक उपलब्धि और आधुनिक अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में प्रगति की सराहना की है। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत प्रखर और नवोन्मेषी वैज्ञानिकों की बदौलत अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित कर रहा है। कल आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की एक सौ 18वीं कड़ी में प्रधानमंत्री मोदी ने अंतरिक्ष क्षेत्र में देश की हाल की उपलब्धियों की सराहना की। प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष में उपग्रहों की डॉकिंग में मिली सफलता के संबंध में कहा कि यह तकनीक अंतरिक्ष केंद्रों को सामग्री की आपूर्ति और अंतरिक्ष में यात्रियों को भेजने के लिए महत्वपूर्ण है।

******************

अवैध अफीम की खेती के खिलाफ चलाए जा रहे राज्यव्यापी अभियान में सरायकेला–खरसावां पुलिस को एक बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस और एसएसबी की टीम ने संयुक्त रूप से ड्रोन की मदद से सर्च अभियान चलाकर चौका, ईचागढ़ और खरसावां थाना क्षेत्रों में 10 दशमलव 5 एकड़ अफीम की फसल को नष्ट किया। पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत ने बताया कि अब तक जिले में दो सौ चौदह दशमलव 16 एकड़ भूमि पर अवैध अफीम खेती खत्म की जा चुकी है।

******************

रांची पुलिस ने ओरमांझी गोलीकांड मामले में दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से टैब, मोबाइल, डायरी और बैग बरामद किया है। ग्रामीण एसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि 22 नवंबर 2024 को लेवी नहीं देने पर सुजीत सिन्हा गिरोह ने घटना को अंजाम दिया था।

******************

जमशेदपुर में स्मार्ट मीटर लगाने की तैयारी शुरू कर दी गई है।

******************

रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने कल अपने आवास पर सैकड़ों सफाई कर्मियों के साथ प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम का 118वां एपिसोड सुना। कार्यक्रम के बाद उन्होंने सफाई कर्मियों के बीच कंबल वितरित किए। श्री सेठ ने प्रधानमंत्री की बातों को प्रेरणादायक बताते हुए कहा कि यह देश के विकास के लिए ऊर्जा प्रदान करती हैं। इस अवसर पर भाजपा के कई नेता भी मौजूद थे।

******************

आकाशवाणी के ताजातरीन समाचारों के लिए आप हमारी

वेबसाईट news on air.gov.in पर लॉग ऑन कर सकते हैं।

ताजा समाचार एक्स हैंडल @AIR news alerts

और फेसबुक पेज All India Radio news पर भी उपलब्ध है।

आप प्रादेशिक समाचार एकांश के एक्स हैंडल

@AIR news अंडर स्कोर_ranchi

और

फेसबुक, इंस्टाग्राम पेज तथा

YOUTUBE Channel AIR NEWS Ranchi

पर भी हमारे बुलेटिन सुन सकते है।

******************

हजारीबाग के विष्णुगढ़ थाना क्षेत्र में एक बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से तीन लोगों की मौत हो गई और दर्जनभर यात्री घायल हो गए। नेहा नाम की बस हजारीबाग से बोकारो के फुसरो जा रही थी और चश्मदीदों के अनुसार, टायर फटने की वजह से बस पलट गई। स्थानीय लोगों और प्रशासन ने बचाव कार्य करते हुए घायलों को अस्पताल भेजा। विष्णुगढ़ स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ अरुण कुमार सिंह ने बताया कि वो ज्यादा से ज्यादा लोगों को बचाने के लिए प्रयासरत है।

******************

राज्य में उत्तर–पूर्वी हवा का प्रभाव देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग ने इस वजह से पलामू, गढ़वा और कोडरमा जिले में कोहरा छाए रहने की संभावना जताई है। अगले 2 दिनों में हल्की बारिश या बादल छाने का भी पूर्वानुमान है।

******************

टीम इंडिया ने पहले खो खो विश्व कप में पुरुष और महिला दोनों वर्गों के खिताब जीतकर इतिहास रच दिया है। भारतीय पुरुष टीम ने नेपाल के खिलाफ फाइनल मैच 54–36 के स्कोर से जीता। कप्तान प्रतीक वायकर ने कहा कि एक कप्तान के तौर पर यह गौरवपूर्ण और अविस्मरणीय क्षण है।

इससे पहले भारतीय महिला टीम ने फाइनल में नेपाल को 78–40 के बड़े स्कोर से पराजित किया। महिला टीम की कप्तान प्रियंका इंगले ने कहा कि यह जीत खिलाड़ियों और कोच दोनों की कड़ी मेहनत और समर्पण का परिणाम है।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस ऐतिहासिक जीत के लिए दोनों टीमों को बधाई दी।

******************

महिला हॉकी लीग में कल रात राउरकेला में ओडिशा वॉरियर्स ने श्राची राढ बंगाल टाइगर्स को 4–1 से हरा दिया। ओडिशा वॉरियर्स अब आठ अंक के साथ पदक तालिका में शीर्ष पर है।

पुरूष हॉकी इंडिया लीग में कल रात कलिंगा लैंसर्स ने दिल्ली एसजी पाइपर्स को पेनल्टी शूटआउट में 3–2 से हराकर जीत हासिल की।

******************

अखबारों की सुर्खियां

आज रांची से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी अखबारों ने अलग अलग खबरों को अपने पहले पन्ने की सुर्खी बनाई है।

प्रभात खबर की सुर्खी है आपदा फंड से खर्च हुए एक हजार तीन सौ करोड़ का हिसाब ढूंढ रही राज्य सरकार।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है झारखंड में 8 हिस्सों में बनेगी टूरिस्ट कॉरिडोर।

दैनिक भास्कर ने लिखा है पहली बार गणतंत्र दिवस पर दिल्ली में बैंड की प्रस्तुति देंगी झारखंड की बेटियां।

दैनिक जागरण की सुर्खी है टायर फटने से अनियंत्रित होकर हजारीबाग में पलटी बस, तीन की मौत, 11 घायल।

हिन्दुस्तान टाइम्स ने लिखा है सीजीएल पेपर लीक मामले में सीआईडी जांच जारी, झारखंड हाईकोर्ट में 22 जनवरी को सुनवाई।

टाइम्स ऑफ इंडिया ने लिखा है रांची से कुंभ मेला स्पेशल ट्रेन की शुरूआत रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने की।

******************